दिन– रविवार

दिनांक– 09 / 11 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रचार चरम पर। आज शाम समाप्त हो जायेगा रैली, सभा और रोड शो का दौर।

02. एनडीए और महागठबंधन के वरिष्ठ नेता और स्टार प्रचारकों ने झोंकी ताकत। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह अरवल और सासाराम तथा राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव की रोहतास और औरंगाबाद में आज होगी चुनावी सभाएं।

03. दूसरे चरण में बिजेन्द्र यादव, नीतीश मिश्रा, जयंत राज और रेणु देवी समेत बारह मंत्रियों की चुनावी किस्मत का होगा फैसला।

04. और, पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के विभिन्न भागों में सुबह और शाम के समय ठंड बढ़ी।

---

बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के लिए आज शाम चुनाव प्रचार संपन्न हो जाएगा। इस चरण में बीस जिलों के एक सौ बाईस विधानसभा क्षेत्रों में ग्यारह नवंबर को वोट डाले जाएंगे। दूसरे और अंतिम चरण में तीन करोड़ सत्तर लाख से अधिक मतदाता एक हजार तीन सौ दो प्रत्याशियों की चुनावी किस्मत का फैसला करेंगे। इसमें एक सौ छत्तीस महिला प्रत्याशी है। आज चुनाव प्रचार के अंतिम दिन एनडीए और महागठबंधन सहित विभिन्न दलों के वरिष्ठ चुनाव प्रचारक स्टार कैंपेनर और वरिष्ठ नेता कई सभाओं को और चुनावी रैलियां को संबोधित करने वाले हैं। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सासाराम और अरवल में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। भाजपा के ही वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह औरंगाबाद और कैमूर में दो जन सभाओं को संबोधित करेंगे। जनता दल यूनाइटेड के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार औरंगाबाद गया और कैमूर में चुनावी रैलियां को संबोधित करेंगे। वही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता योगी आदित्यनाथ अररिया, सुपौल और मधुबनी जिले में कई जनसभाओं में भाग लेंगे। महागठबंधन की ओर से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी पूर्णिया और किशनगंज में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव, रोहतास, औरंगाबाद तथा औरंगाबाद में 11 जनसभाओं को संबोधित करेंगे। जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर सहित बसपा, एआइएमआइएम और अन्य दलों के स्टार प्रचारक भी आज अंतिम दिन धुआंधार चुनावी रैलियों, जनसभाओं और रोड शो में भाग लेंगे। धर्मेंद्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार पटना

---

दूसरे चरण में जिन बीस जिलों में मतदान होना है, उनमें पूर्वी और पश्चिम चम्पारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, भागलपुर, बांका, जमुई, नवादा, गया, औरंगाबाद, जहानाबाद, अरवल, कैमूर और

रोहतास जिला शामिल हैं। इस चरण में बारह मंत्रियों और पन्द्रह पूर्व मंत्रियों समेत एक हजार तीन सौ दो उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। इस चरण में जिन प्रमुख मंत्रियों की किस्मत का फैसला होना है, उनमें सुपौल से बिजेन्द्र प्रसाद यादव, चकाई से सुमित सिंह, झंझारपुर से नीतीश मिश्र, अमरपुर से जयंत राज, छातापुर से नीरज कुमार सिंह शामिल हैं। इसके साथ ही बेतिया से रेणु देवी, धमदाहा से लेसी सिंह, हरसिद्धि से कृष्ण नदंन पासवान, चैनपुर से जमा खां चुनाव मैदान में हैं। इसके अलावा जिन प्रमुख नेताओं की किस्मत का फैसला होना है, उनमें सिकंदरा से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, कुटुम्बा से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, कदवा से कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान और बलरामपुर से भाकपा–माले विधायक दल के नेता महबूब आलम शामिल हैं।

---

दूसरे चरण में एनडीए और महागठबंधन के घटक दलों के साथ कई अन्य पार्टियां के उम्मीदवार भी चुनाव मैदान में हैं। इस चरण में भाजपा के बावन, जदयू के पैंतालीस, लोजपा–रामविलास के पन्द्रह, हम के छह और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के चार उम्मीदवार मैदान में हैं। वहीं, राजद के सत्तर, कांग्रेस के सैंतीस, वीआईपी के आठ, भाकपा–माले के पांच, सीपीआई के चार और सीपीएम के दो उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इस चरण में करगहर, चैनपुर, नरकटियागंज और सुल्तानगंज विधानसभा क्षेत्रों में महागठबंधन के घटक दलों के उम्मीदवार आमने–सामने हैं।

---

दूसरे चरण के चुनाव को लेकर सभी निर्वाचन क्षेत्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंताजम किये गये हैं। दो लाख से अधिक केन्द्रीय बल के जवानों को विभिन्न जगहों पर प्रतिनियुक्त किया गया है। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने चुनाव के दौरान गड़बड़ी करने वालों को तुरंत जेल भेजने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि जिला बल के अतिरिक्त उनसठ कम्पनी बी–सैफ, पैंतालीस हजार होमगार्ड और प्रशिक्षु सिपाही भी चुनावी ड्यूटी में तैनात किये गये हैं।

–––बाईट–––

इधर, विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भारत–नेपाल अन्तरराष्ट्रीय सीमा को सील कर दिया गया है। भारत नेपाल समन्वय समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। सीमा पर ग्यारह नवम्बर को मतदान की समाप्ति के बाद ही आवाजाही सामान्य होगी।

---

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, सीईओ कार्यालय के अधिकारी आज प्रथम चरण के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान वे सभी एक सौ इक्कीस सीटों की ईवीएम और वीवीपैट रखने वाले स्थान का निरीक्षण करने के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लेंगे। निरीक्षण दल में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी और उप निर्वाचन पदाधिकारी स्तर के अधिकारी शामिल होंगे। ये लोग चुनाव आयोग और सीईओ को रिपोर्ट सौंपेंगे।

---

निर्वाचन आयोग ने सड़क किनारे वीवीपैट पर्ची मिलने के मामले में समस्तीपुर विधानसभा क्षेत्र के एक सहायक निर्वाचन अधिकारी को निलंबित कर दिया है। साथ ही इस मामले में प्राथमिकी भी दर्ज की गई है। सरायरंजन विधानसभा क्षेत्र के के.एस.आर. कॉलेज के पास सड़क किनारे वीवीपैट पर्ची मिलने के बाद लापरवाही बरतने के मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद यह कार्रवाई की गई है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने इस घटना को बेहद गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच के आदेश दिए हैं। इस बीच, समस्तीपुर के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी रौशन कुशवाहा और पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की। जिलाधिकारी रौशन कुशवाहा ने कहा कि ये पर्चियां मॉकपोल की हैं। उन्होंने कहा कि ये लापरवाही का मामला है और जो भी दोषी पाये जायेंगे उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

———बाईट———

---

विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण को लेकर ईवीएम और वीवीपैट से मतदान के लिए चुनाव आयोग ने पूरी तैयारी कर ली है। इस चरण में मतदान में उपयोग में आने वाले हर बूथ की सभी ईवीएम मशीनों और वीवीपैट की कमिशनिंग कर दी गयी है। आयोग ने बताया कि सामान्य पर्यवेक्षक और प्रत्याशियों की उपस्थिति में सभी बूथ के बैलट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट को सुरक्षित तरीके से तैयार किया गया है। बैलेट यूनिट में प्रत्याशियों के बैलेट पेपर लगा दिये गये हैं। वहीं, कंट्रोल यूनिट में सभी प्रत्याशियों के नाम सिम्बल और फोटो लोड कर दिये गये हैं। इन सभी मशीनों को सील कर दिया गया है।

---

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा है कि दूसरे चरण का चुनाव प्रचार शानदार ढंग से चल रहा है। पूर्णिया में संवाददाताओं से बातचीत करते हुये श्री

जायसवाल ने कहा कि पहले चरण के मतदान के बाद यह स्पष्ट हो चुका है कि राज्य की जनता एनडीए को भारी बहुमत से जिताने जा रही है।

–––बाईट–––

---

भाकपा–माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा है कि पहले चरण में जनता ने महागठबंधन के पक्ष में अपना विश्वास व्यक्त किया है। उन्होंने दावा किया कि दूसरे चरण में भी जनता महागठबंधन के पक्ष में भरोसा जतायेगी।

---

अररिया जिले के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में स्वीप गतिविधियों के तहत जीविका दीदियों ने व्यापक पैमाने पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इसके तहत कई स्थानों पर रंगोली और हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

---

पश्चिम चम्पारण जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में मेहंदी, पेंटिंग और संगीत प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

---

सीतामढ़ी जिले के बाजपट्टी विधानसभ क्षेत्र से राजद प्रत्याशी मुकेश कुमार यादव के समर्थन में भोजपुरी अभिनेता खेसारी लाल यादव ने चुनाव प्रचार किया।

---

मुंगेर जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों के ईवीएम आर.डी. एंड डीजे कॉलेज स्थित वज्रगृह में रखे गये हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी निखिल धनराज निपणीकर ने स्ट्रांग रूप का निरीक्षण किया।

---

जन शक्ति जनता दल के प्रमुख और महुआ विधानसभा क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार तेज प्रताप यादव को वाई प्लस की सुरक्षा दी गयी है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। उन्हें अब सीआरपीएफ की टीम सुरक्षा देगी।

---

राष्ट्रीय हरित अधिकरण, एनजीटी ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा बिहार, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हरियाणा के राज्य प्रदूषण नियामकों को गंगा और यमुना सहित महत्वपूर्ण जल नदियों में अनुपचारित अपशिष्टों का निर्वहन करने वाले 1700 से अधिक प्रदूषणकारी उद्योगों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य डॉ. अफरोज अहमद

की पीठ, मोहम्मद इमरान अहमद द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान यह निर्देश दिया।

---

पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। सुबह और शाम के समय ठंड का एहसास बढ़ गया है। मौसम विभाग के अनुसार अधिकांश स्थानों का न्यूनतम तापमान बीस डिग्री सेल्सियस के नीचे दर्ज किया गया है। ठंड के मद्देनजर लोगों ने गर्म कपड़े निकालने शुरू कर दिये हैं। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो से तीन दिनों तक अधिकतम और न्यूनतम तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की सम्भावना नहीं है। हालांकि किशनगंज, अररिया, बक्सर, भागलपुर समेत कई जिलों में सुबह के समय कोहरा छाये रहने की सम्भावना है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने चुनाव प्रचार से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान के हवाले से लिखा है– बिहार के बच्चों को रंगदार बनाने वाले मंजूर नहीं।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– प्रथम चरण में पुरूषों की तुलना में सात दशमलव चार आठ प्रतिशत महिलाओं ने किया अधिक मतदान।

दैनिक भास्कर लिखता है– दूसरे चरण का प्रचार आज शाम पांच बजे थम जायेगा।

प्रभात खबर ने लिखा है– तिरहुत की चालीस और मगध की छब्बीस सीटें तय करेंगी एनडीए और महागठबंधन की सत्ता का फासला।

राष्ट्रीय सहारा ने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के बयान पर लिखा है– कट्टा जैसे शब्दों के प्रयोग से गिर रही पीएम पद की गरिमा।

आज अखबार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– केन्द्र के सहयोग से बिहार का हो रहा विकास।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रचार चरम पर। आज शाम समाप्त हो जायेगा रैली, सभा और रोड शो का दौर।

02. एनडीए और महागठबंधन के वरिष्ठ नेता और स्टार प्रचारकों ने झोंकी ताकत। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह अरवल और सासाराम तथा राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव की रोहतास और औरंगाबाद में आज होगी चुनावी सभाएं।

03. दूसरे चरण में बिजेन्द्र यादव, नीतीश मिश्रा, जयंत राज और रेणु देवी समेत बारह मंत्रियों की चुनावी किस्मत का होगा फैसला।

04. और, पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के विभिन्न भागों में सुबह और शाम के समय ठंड बढ़ी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।